

02

फरीदाबाद के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा: कृष्णपाल

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

दूसरों के जीवन में खुशियों के रंग भरकर उन्हें महकाने का करें काम: विपुल



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 05 मार्च 2023 **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी, मूल्य, 2.00


# सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एनएसएस शिविर का शुभारंभ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा शनिवार को सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। आज सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो डॉ राजकुमार (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष महोदय डॉ कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो डॉ राजकुमार को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ कृष्णकांत गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं।

एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी द्वारा एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद एनएसएस सेवक गौरव द्वारा रागिनी, पवन द्वारा मिमक्री और एनएसएस स्वयंसेविका हिमिका द्वारा कविता सुनाई गई। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस की तीनों इकाइयों के गत वर्ष के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों को पीपीटी द्वारा दशार्या गया। एनएसएस इकाई-एक की स्वयंसेविकाओं द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रदर्शन किया गया। एनएसएस इकाई-दो के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा पक्षपात को कम करने को लेकर संदेश दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. केके गुप्ता।

मुख्य अतिथि प्रो डॉ. राजकुमार ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को बताया कि जीवन में मयार्दा का बहुत महत्व है और मयार्दाओं के साथ जीवन और व्यक्तित्व निखर जाता है। वहीं उन्होंने तीनों एनएसएस इकाईयों को समाज सेवा और उत्थान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए बधाई दी । मंच संचालन एनएसएस इकाई-एक से कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुप्रिया ढांडा द्वारा बहुत ही उम्दा तरीके से किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा एवं डॉ सीमा मलिक मौजूद रहे।